ई–मेल

संख्या–2962(1)/आठ–3–21–227 विविध/2011

प्रेषक,

मनीष चन्द्र श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ, बुलन्दशहर, मथुरा–वृन्दावन, प्रयागराज एवं गाजियाबाद,
विकास प्राधिकरण।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 22 अक्टूबर, 2021**

विषयः–हाईटक टाउनशिप नीति के अधीन मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की सम्पन्न बैठक दिनांक 13.08.2019 में लिये गये निर्णय के अनुपालन किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2962/आठ–3–21–227 विविध/2011 दिनांक 19.10.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से प्रदेश में 07 कार्यशील हाईटेक टाउनशिप परियोजनाओं के संबंध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की प्रस्तावित बैठक से पूर्व दिनांक 20.10.2021 को प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त निर्गत किया गया है। उक्त बैठक में हुये विचार–विमर्श तथा लिये गये निर्णय के संबंध में कृत कार्यवाही के संबंध में विचार–विमर्श हेतु **प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में उनके श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन, प्रथम तल स्थित कार्यालय कक्ष में दिनांक 25.10.2021 को अपरान्ह 4:30 बजे वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से तैयारी बैठक आहूत की गयी है।**

2– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में कृत कार्यवाही की सूचना एवं पूर्ण तैयारी के साथ उक्त बैठक में ससमय ऑन लाईन **(लखनऊ विकास प्राधिकरण को छोड़कर)** प्रतिभाग करने का कष्ट करें। बैठक हेतु आई0डी0 पासवर्ड यथा समय उपलब्ध करा दिया जायेगा।

भवदीय,

(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या–2962(2)/आठ–3–21–227 विविध/11–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को बैठक में प्रतिभाग किये जाने तथा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ।
3. श्री एन0आर0 वर्मा, सलाहकार, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ
4. श्री जी0एस0 गोयल, सलाहकार, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ।
6. स्वागत अधिकारी, श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त बैठक से सम्बन्धित आगंतुकों का दैनिक प्रवेश–पत्र निर्गत करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(मनीष चन्द्र श्रीवास्तव)
अनु सचिव।